**माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–15.07.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः– पंजी में संधारित।

माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना द्वारा बैठक में उपस्थित सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों/मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

1. <u>राजस्व समाहरण :–</u>

मधुबनी, शिवहर, मुंगेर, किशनगंज, सुपौल, मुजफ्फरपुर, अररिया, दरभंगा, रोहतास, गयाजी, बांका, बक्सर, नवादा, बेतिया, खगड़िया, सहरसा, भागलपुर, मधेपुरा, कैमूर, कटिहार, जहानाबाद, नालन्दा, समस्तीपुर, बेगूसराय, पूर्णिया, सारण, सीवान, वैशाली, गोपालगंज एवं जमुई जिलों में वित्तीय वर्ष 2026–27 में माह जून, 2026 तक निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कम राजस्व समाहरण किया गया है। माह जून, 2026 तक कम राजस्व समाहरण करने वाले जिलों की सूची निम्नवत हैः–

| क्र0 | जिला का नाम | वार्षिक लक्ष्य (2026–27) (रू0 लाख में) | जून तक का लक्ष्य (रू0 लाख में) | माह जून, 2026 तक का समाहरण (रू0 लाख में) | जून तक के लक्ष्य के विरूद्ध प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मधुबनी | 6130.47 | 613.05 | 575.14 | 93.82 |
| 2 | शिवहर | 1028.63 | 102.82 | 93.75 | 91.14 |
| 3 | मुंगेर | 3307.84 | 330.78 | 300.81 | 90.94 |
| 4 | किशनगंज | 7077.07 | 707.71 | 625.59 | 88.40 |
| 5 | सुपौल | 5857.98 | 585.80 | 505.27 | 86.25 |
| 6 | मुजफ्फरपुर | 6109.29 | 610.93 | 493.62 | 80.80 |
| 7 | अररिया | 4923.38 | 492.34 | 394.76 | 80.18 |
| 8 | दरभंगा | 5047.67 | 504.77 | 403.36 | 79.91 |
| 9 | रोहतास | 41488.91 | 4148.89 | 3292.35 | 79.35 |
| 10 | गयाजी | 29948.05 | 2994.81 | 2335.55 | 77.99 |
| 11 | बांका | 13343.17 | 1334.32 | 989.75 | 74.18 |
| 12 | बक्सर | 3885.57 | 388.56 | 282.95 | 72.82 |
| 13 | नवादा | 19065.30 | 1906.53 | 1380.84 | 72.43 |
| 14 | बेतिया | 6983.04 | 698.30 | 498.81 | 71.43 |
| 15 | खगड़िया | 2757.72 | 275.77 | 194.17 | 70.41 |
| 16 | सहरसा | 3700.13 | 370.01 | 256.88 | 69.42 |
| 17 | भागलपुर | 5933.08 | 593.31 | 407.19 | 68.63 |
| 18 | मधेपुरा | 3108.28 | 310.83 | 202.43 | 65.13 |
| 19 | कैमूर (भभूआ) | 5176.97 | 517.70 | 326.68 | 63.10 |
| 20 | कटिहार | 5476.21 | 547.62 | 345.05 | 63.01 |
| 21 | जहानाबाद | 3939.85 | 393.99 | 232.20 | 56.65 |
| 22 | नालन्दा | 6843.21 | 684.32 | 351.71 | 51.40 |
| 23 | समस्तीपुर | 7173.52 | 717.35 | 359.07 | 50.05 |
| 24 | बेगूसराय | 2679.47 | 267.95 | 128.98 | 48.14 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | पूर्णिया | 4847.89 | 484.79 | 213.13 | 43.96 |
| 26 | सारण | 6758.55 | 675.86 | 294.53 | 43.58 |
| 27 | सीवान | 4285.71 | 428.57 | 170.61 | 39.81 |
| 28 | वैशाली | 4967.30 | 496.73 | 181.50 | 36.54 |
| 29 | गोपालगंज | 4362.26 | 436.23 | 140.60 | 32.23 |
| 30 | जमुई | 22443.18 | 2244.32 | 667.92 | 29.74 |

उपरोक्त जिलों में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व वसूली कम होने के कारण काफी असंतोष व्यक्त किया गया एवं सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी मदों का कार्य योजना बनाकर माहवार निर्धारित लक्ष्य का 110 प्रतिशत तक लक्ष्य प्राप्ति करना सुनिश्चित करें। जमुई जिला का राजस्व वसूली काफी कम होने के कारण तत्कालीन खनिज विकास पदाधिकारी, जमुई से स्पष्टीकरण पूछे जाने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :–अपर सचिव/सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी क्षे0/मु0)

2. **अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कृत कार्रवाई की समीक्षा :–**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में माह जून, 2026 तक अवैध खनन/परिवहन/भंडारण के विरूद्ध कुल 12877 छापेमारी की गयी है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में माह जून, 2026 तक दण्ड मद में निर्धारित लक्ष्य 1410.83 लाख रू0 के विरूद्ध 2328.14 लाख रू0 की वसूली की गयी है।

माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध नियमित छापेमारी करने का निदेश दिया गया, ताकि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सके। अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों को चिह्नित कर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी क्षे0/मु0)

3. **जब्त वाहनों का अधिहरण एवं नीलामी की समीक्षा:–**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सभी जिलों में जप्त वाहनों के संख्या की तुलना में समाहर्त्ता को राज्यसात् हेतु भेजे गये प्रस्ताव की संख्या बहुत कम है, जिससे स्पष्ट होता है की बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 यथा संशोधित के नियम–56 के तहत 30 दिनों के अन्दर जुर्माना राशि नहीं जमा करने पर वाहन को राज्यसात् हेतु भेज दिया जाना है, का अनुपालन जिलास्तर पर पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा है। साथ ही समाहर्त्ता स्तर पर भी राज्यसात् हेतु भेजे गये वाहनों के लिए सुनवाई काफी दिनों से लंबित पाया जा रहा है। इस हेतु सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निम्न निदेश दिया गया :–

- जप्त वाहनों के चालक/मालिक द्वारा 30 दिनों के अन्दर शमन शुल्क एवं खनिज मूल्य जमा नहीं करने की स्थिति में यथाशीघ्र राज्यसात् तथा अधिहरण हेतु प्रस्ताव समाहर्त्ता को भेजा जाय।

- समाहर्त्ता स्तर पर राज्यसात् हेतु भेजे गये वाहनों के लिए सुनवाई लंबित होने की स्थिति में जिला के विधि शाखा से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र सुनवाई कराना सुनिश्चित की जाय, ताकि अधिरोपित शमन शुल्क एवं खनिज मूल्य की वसूली हो सके।
- समाहर्त्ता द्वारा अधिहरित वाहनों की नीलामी यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित की जाय।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी क्षे0 / मु0)

4. **बालूघाटों के नीलामी की स्थिति :–**

समीक्षा के क्रम में बताया गया कि राज्यान्तर्गत पीला बालूघाटों की सं0–466 है, जिसमें से नीलामित बालूघाटों की सं0–378 एवं अनीलामित बालूघाटों की सं0–88 है। नीलामित बालूघाटों में से संचालित बालूघाटों की संख्या 199 है। इसी प्रकार उजला बालूघाटों की सं0–541 है, जिसमें से नीलामित बालूघाटों की सं0–103 एवं अनीलामित बालूघाटों की सं0–438 है। नीलामित उजला बालूघाटों में से संचालित बालूघाटों की संख्या–37 है। माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा निम्न निदेश दिया गया :–

- जिन जिलों में बालूघाटों की नीलामी सम्पन्न नहीं हो पायी है, उन जिलों के सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी संबंधित समाहर्त्ता से समन्वय स्थापित कर अनीलामित बालूघाटों की नीलामी कराने हेतु अविलम्ब नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी क्षे0 / मु0)

5. **नीलामित बालूघाटों के वैधानिक अनापत्ति :–**

- औरंगाबाद जिला में 02 बालूघाट, लखीसराय जिला में 01 बालूघाट, जमुई जिला में 03 बालूघाट, खगड़िया जिला में 01 बालूघाट, वैशाली जिला में 04 बालूघाट, बेतिया जिला में 01 बालूघाट, सिवान जिला में 01 बालूघाट, पटना जिला में 01 बालूघाट, मोतिहारी जिला में 02 एवं बेगुसराय जिला में 02 बालूघाट अर्थात कुल–18 बालूघाटों के लिए खनन योजना अनुमोदन हेतु लंबित है। जिलावार खनन योजना हेतु लंबित बालूघाट की विवरणी निम्न प्रकार है :–

<table>
<tr><th>क्र० सं०</th><th>जिला का नाम</th><th>बालूघाट का नाम</th><th>संख्या</th><th>LOI की तिथि</th><th>बालूघाट की नीलामी की राशि</th><th>प्रथम किस्त की राशि (50%)</th></tr>
<tr><td rowspan="2">1</td><td rowspan="2">औरंगाबाद</td><td>AURANGABAD BLOCK 38D(PUNPUN 18-23)</td><td rowspan="2">2</td><td>13.03.2026</td><td>1,01,92,500</td><td>50,96,250</td></tr>
<tr><td>AURANGABAD BLOCK 38C(PUNPUN 9-17)</td><td>09.04.2026</td><td>87,81,300</td><td>43,90,650</td></tr>
<tr><td>2</td><td>लखीसराय</td><td>Block-08</td><td>1</td><td></td><td>7,52,97,600</td><td>3,76,48,800</td></tr>
<tr><td rowspan="3">3</td><td rowspan="3">जमुई</td><td>Ulai Block-04</td><td rowspan="3">3</td><td></td><td>1,53,45,000</td><td>76,72,500</td></tr>
<tr><td>Ulai Block-09</td><td></td><td>2,50,47,000</td><td>1,25,23,500</td></tr>
<tr><td>Kiul Block-07</td><td></td><td>2,91,21,300</td><td>1,45,60,650</td></tr>
</table>

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | खगड़िया | Unit -02 (Rasauk Sandghat and Amni sandghat) | 1 | 27.01.2025 | **44,55,000** | **22,27,500** |
| 5 | वैशाली | Vaishali Ganga- 6C | 4 | 22.12.2025 | **2,10,87,000** | **1,05,43,500** |
| | | Vaishali Ganga- 6D | | 22.12.2025 | **2,01,96,000** | **1,00,98,000** |
| | | Vaishali Ganga- 6E | | | **1,75,50,000** | **87,75,000** |
| | | Vaishali Ganga- 6F | | | **1,84,95,000** | **92,47,500** |
| 6 | बेतिया | Unit- 10 | 1 | 31.12.2022 | **7,16,04,000** | **3,58,02,000** |
| 7 | सीवान | Gayaspur Unit- 01 | 1 | 24.04.2025 | **30,19,500** | **15,09,750** |
| 8 | पटना | Patna Ganga- 28F | 1 | 19.08.2025 | **1,13,89,950** | **56,94,975** |
| 9 | मोतिहारी | Gandak Satar-2 | 2 | | **28,62,000** | **14,31,000** |
| | | Gandak Unit-2(Pipra & Govindganj) | | | **31,96,800** | **15,98,400** |
| 10 | बेगुसराय | Budhi Gandak River Unit-05 | 2 | | **26,73,000** | **13,36,500** |
| | | Gandak River Unit-06 | | | **51,97,500** | **25,98,750** |
| | **Total** | | **18** | | **34,55,10,450** | **17,27,55,225** |

सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि बंदोबस्तधारी से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र अनुमोदन हेतु खनन योजना विभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि ससमय खनन योजना का अनुमोदन किया जा सके। उक्त सभी बालूघाटों की बंदोबस्ती राशि 34.55 करोड़ है। बालूघाटों को ससमय संचालित हो जाने पर इस वित्तीय वर्ष में 34.55 करोड़ राजस्व सरकार को प्राप्त हो सकेगी।

(अनुपालन :-सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी, क्षे0/मु0)

- अरवल जिला में 02 बालूघाट, औरंगाबाद जिला में 01 बालूघाट, नालन्दा जिला में 01 बालूघाट, बाँका जिला में 04 बालूघाट, लखीसराय जिला में 01 बालूघाट, भागलपुर जिला में 01 बालूघाट, पटना जिला में 07 बालूघाट, मोतिहारी जिला में 01, वैशाली जिला में 02 एवं सुपौल जिला में 02 बालूघाट है, अर्थात कुल-22 बालूघाटों का ToR लंबित/अप्राप्त है। जिलावार ToR लंबित/अप्राप्त बालूघाटों की विवरणी निम्न प्रकार है :-

| क्र0सं0 | जिला का नाम | बालूघाटों का नाम | संख्या | खनन योजना अनुमोदन की तिथि | बालूघाट की नीलामी की राशि | प्रथम किस्त की राशि (50%) | Proposal Number and Date of Submission | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Arwal | Arwal Son -14 (Belaw 1C) | 2 | 29.05.2026 | **68,31,00,000** | **34,15,50,000** | | TOR Not Applied |
| | | Arwal Son -14 (Belaw 1B) | | 29.05.2026 | **8,01,90,000** | **4,00,95,000** | | TOR Not Applied |
| 2 | Aurangabad | Aurangabad Son-11B | 1 | 22.05.2026 | **11,34,00,000** | **5,67,00,000** | | TOR Not Applied |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | नालंदा | बालूघाट संख्या–01 (सकरी 1) | 1 | 12.05.2026 | **1,01,97,000** | **50,98,500** | SIA/BR/MIN/580825/2026 Date of Submission: 01/06/2026 | EDS RAISED |
| 4 | Banka | Banka Chanan- 04 | 4 | 31.03.2023 | **9,20,70,000** | **4,60,35,000** | SIA/BR/MIN/425650/2023 Date of Submission: 04/05/2023 | EDS RAISED Amended LOI-26.07.2024 |
| | | Kurar Unit | | 12.01.2023 | **4,09,46,400** | **2,04,73,200** | Application not found | Amended LOI-26.07.2024 |
| | | Sukhaniya Unit | | 12.01.2023 | **22,45,95,000** | **11,22,97,500** | Application not found | Amended LOI-26.07.2024 |
| | | Badua Unit- 01 | | 06.04.2023 | **4,15,80,000** | **2,07,90,000** | SIA/BR/MIN/425244/2023 Date of Submission: 04/07/2023 | EDS RAISED Amended LOI-26.07.2024 |
| 5 | Lakhisarai | Kiul Block-12 | 1 | 06.01.2026 | **6,78,58,560** | **3,39,29,280** | | TOR Not Applied |
| 6 | Bhagalpur | Koshi Unit | 1 | 25.08.2023 | **97,20,000** | **48,60,000** | **SIA/BR/MIN/442820/2023 Date of Submission: 02/09/2023** | EDS Raised |
| 7 | Patna | Patna Ganga-1D | 7 | 07.10.2024 | **1,78,20,000** | **89,10,000** | | पानी भरे रहने के कारण बंदोबस्तधारी द्वारा TOR Aply नहीं किया गया है। |
| | | Patna Ganga-1E | | 10.09.2024 | **1,63,35,000** | **81,67,500** | | |
| | | Patna Ganga- 1F | | 10.09.2024 | **1,93,05,000** | **96,52,500** | | |
| | | Patna Ganga- 1G | | 07.10.2024 | **1,48,50,000** | **74,25,000** | | |
| | | Patna Ganga- 2A | | 13.02.2026 | **2,16,00,000** | **1,08,00,000** | | TOR Not Applied |
| | | Patna Ganga- 2B | | 13.02.2026 | **1,75,50,000** | **87,75,000** | | TOR Not Applied |
| | | Patna Ganga- 2C | | 13.02.2026 | **1,48,50,000** | **74,25,000** | | TOR Not Applied |
| 8 | East Champaran | Gandak Satar-1 | 1 | 22.05.2026 | **28,62,000** | **14,31,000** | | TOR Not Applied |
| 9 | Vaishali | Vaishali Ganga 4D | 2 | 22.05.2026 | **1,55,92,500** | **77,96,250** | | TOR Not Applied |
| | | Vaishali Ganga 4E | | 22.05.2026 | **2,29,50,000** | **1,14,75,000** | | TOR Not Applied |
| 10 | Supaul | Unit- 01 | 2 | 22.02.2023 | **33,85,800** | **16,92,900** | **SIA/BR/MIN/421224/2023 Date of Submission: 06/03/2023** | EDS RAISED Proposal Returned due to shortcoming and to be canceled due to Raod Bridge construction within Lease Area. |
| | | Unit- 03 | | 23.02.2023 | **33,39,000** | **16,69,500** | **SIA/BR/MIN/420197/2023 Date of Submission: 26/07/2024** | DELISTED BY SYSTEM (at : 30/10/2024) EDS Raised on 11.08.2024 |
| **Grand Total** | | | **22** | | **1,53,40,96,260** | **76,70,48,130** | | |

ToR प्राप्त किया जाना EC प्राप्त किये जाने का प्रारम्भिक चरण होता है। 22 बालूघाटों का ToR काफी दिनों से लंबित है। ToR लंबित होने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण राज्य सरकार को राजस्व के रूप में लगभग 153.40 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। इस पर काफी नाराजगी

व्यक्त की गयी एवं सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए बालूघाट के संबंधित उच्चतम डाकवक्ता एवं उनके RQP/Consultant से समन्वय स्थापित कर मामले का निराकरण कराते हुए ToR प्राप्त करने की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी, क्षे0/मु0)

- पीला बालूघाट के मामले में औरंगाबाद जिला में 12 बालूघाट, नालंदा जिला में 03 बालूघाट, जमुई जिला में 04 बालूघाट, अरवल जिला में 11 बालूघाट अर्थात कुल–30 पीला बालूघाट एवं उजला बालूघाट के मामले में पटना जिला में 02 बालूघाट, मुजफ्फरपुर जिला में 01 बालूघाट, वैशाली जिला में 01 बालूघाट, बेगूसराय जिला में 01 बालूघाट, सारण जिला में 01 बालूघाट अर्थात कुल–06 उजला बालूघाट लोक सुनवाई हेतु लंबित है। जिलावार लोक सुनवाई हेतु लंबित बालूघाटों की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | जिला का नाम | बालूघाटों/कलस्टर का नाम | बालूघाटों की संख्या | **TOR Grant** होने की तिथि | बालूघाट की नीलामी की राशि | प्रथम किस्त की राशि (50%) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पीला बालूघाट | | | | |
| 1 | Aurangabad | औरंगाबाद सोन-16B | 12 | 12.11.2025 | **12,47,40,000** | **6,23,70,000** | |
| | | औरंगाबाद सोन-2C | | 12.11.2025 | **7,27,65,000** | **3,63,82,500** | |
| | | औरंगाबाद सोन-12A | | 12.11.2025 | **10,39,50,000** | **5,19,75,000** | |
| | | औरंगाबाद सोन-12B | | 18.10.2025 | **9,80,10,000** | **4,90,05,000** | |
| | | औरंगाबाद सोन-18A | | 12.11.2025 | **12,96,00,000** | **6,48,00,000** | |
| | | औरंगाबाद सोन-18C | | 12.11.2025 | **10,03,86,000** | **5,01,93,000** | |
| | | औरंगाबाद सोन-19A | | 12.11.2025 | **12,55,50,000** | **6,27,75,000** | |
| | | औरंगाबाद सोन-22A | | 12.11.2025 | **8,91,00,000** | **4,45,50,000** | |
| | | Block-32 MOEF Son 1C | | 12.11.2025 | **10,39,50,000** | **5,19,75,000** | |
| | | Aurangabad Son -27A | | 09.06.2026 | **7,12,80,000** | **3,56,40,000** | |
| | | Block-32 MOEF Son 1F | | 09.06.2026 | **8,88,03,000** | **4,44,01,500** | |
| | | Aurangabad Son-19C | | 08.07.2026 | **10,36,53,000** | **5,18,26,500** | |
| 2 | Nalanda | बालूघाट संख्या–02 (सकरी 2) | 3 | 09.06.2026 | **1,10,38,500** | **55,19,250** | |
| | | बालूघाट संख्या–03 (सकरी 3) | | 09.06.2026 | **1,48,50,000** | **74,25,000** | |
| | | कलस्टर संख्या–01 (सकरी 6, सोईवा 4) | | 09.06.2026 | **33,75,900** | **16,87,950** | |
| 3 | Jamui | Block-10 (Kiul) Neemarang, Garsand, Bhachiar, Chandbagh | 4 | 21-04-2023 | 5,21,55,000 | 2,60,77,500 | Pending CWJC |
| | | Block-12 (Barnar) Simaria | | 10-04-2023 | 11,49,39,000 | 5,74,69,500 | Pending CWJC |
| | | Block-13 (Barnar) Kolhua | | 16-02-2023 | 15,65,10,000 | 7,82,55,000 | Pending CWJC |
| | | Block- 09 (Kiul) Chauchon Chandbag | | 09.06.2026 | 5,36,94,000 | 2,68,47,000 | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Arwal | Arwal Son-3 (Ashlampur dullah 3) | 11 | 08.08.2024 | 18,71,37,000 | 9,35,68,500 | PH Date 28.02.2025. Public Hearing Resheduled |
| | | Arwal Son-8 (Kamta Bathe 1) | | 10.04.2026 | 8,91,00,000 | 4,45,50,000 | PH Date 28.07.2026 |
| | | Arwal Son-9 (Kamta 1) | | 30.03.2026 | 5,94,00,000 | 2,97,00,000 | PH Date 28.07.2026 |
| | | Arwal Son-16(Kaler Tola Pura Kothi 1) | | 30.03.2026 | 6,23,70,000 | 3,11,85,000 | |
| | | Arwal Son-16(Kaler Tola Pura Kothi 2) | | 30.03.2026 | 5,64,30,000 | 2,82,15,000 | |
| | | Arwal Son-16 (Kaler Tola Pura Kothi 3) | | 03.04.2026 | 7,51,68,000 | 3,75,84,000 | |
| | | Arwal Son -15 (Belaw 2A) | | 11.05.2026 | 7,12,80,000 | 3,56,40,000 | |
| | | Arwal Son -14 (Belaw 1A) | | 11.05.2026 | 10,96,20,000 | 5,48,10,000 | |
| | | Arwal Son-9 (Kamta 2) | | 29.05.2026 | 5,49,45,000 | 2,74,72,500 | |
| | | Unit- 05 (Sonbhadra-1,2,3) | | 09.06.2026 | 82,26,900 | 41,13,450 | |
| | | Unit- 06 (Sonbhadra- 4, Bansi-1 & 2) | | 09.06.2026 | 1,08,55,350 | 54,27,675 | |
| **उजला बालूघाट** | | | | | | | |
| 5 | Patna | पटना गंगा बालूघाट संख्या– 1-C | 2 | 28.03.2025 | **2,22,75,000** | **1,11,37,500** | - |
| | | Patna Ganga Sand Ghat 03-B | | 10.04.2026 | **1,35,00,000** | **67,50,000** | |
| 6 | Muzaffarpur | मूरौल / बैधनाथपुर | 1 | 24-05-2024 | 1,56,27,150 | 78,13,575 | |
| 7 | Vaishali | Vaishali Ganga -6B | 1 | 31.01.2026 | 1,84,14,000 | 92,07,000 | |
| 8 | Begusarai | Ganga River Unit-11 | 1 | 28.03.2025 | 59,40,000 | 29,70,000 | |
| 9 | Saran | Gandak-10 (Kalighat Darihara Sarla-3) | 1 | 07.04.2026 | 1,11,37,500 | 55,68,750 | |
| **TOTAL** | | | **36** | | **2,48,97,75,300** | **1,24,48,87,650** | |

लोक सुनवाई लंबित होने से ससमय Final EIA जमा नहीं हो पाती है, जिसके कारण SEIAA, बिहार से संबंधित बालूघाट के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति निर्गत होने में विलम्ब हो रहा है। कुल 36 बालूघाटों के लिए लोक सुनवाई लंबित होने के कारण 248.98 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है, जो राजस्व के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर मामला है। इस पर काफी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सभी संबंधित सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि व्यक्तिगत अभिरूचि

लेते हुए बालूघाट के संबंधित उच्चतम डाकवक्ता, उनके RQP Consultant एवं बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र संबंधित बालूघाटों का लोक सुनवाई कराना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी, क्षे0 / मु0)

- भोजपुर जिला में 02 बालूघाट, औरंगाबाद जिला में 06 बालूघाट, गयाजी जिला में 02 बालूघाट, पटना जिला में 06 बालूघाट, अरवल जिला में 05 बालूघाट, मुजफ्फरपुर जिला में 03 बालूघाट, बाँका जिला में 04 बालूघाट, मधुबनी जिला में 04 बालूघाट एवं रोहतास जिला में 01 बालूघाट अर्थात कुल–33 बालूघाटों का EC लंबित है। जिलावार EC हेतु लंबित बालूघाटों की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | जिला का नाम | बालूघाटों / कलस्टर का नाम | बालूघाटों की संख्या | बालूघाट की नीलामी की राशि | प्रथम किस्त की राशि (50%) | लोक सुनवाई की तिथि | Proposal Number and Date of Submission | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhojpur | Bhoj Son 22C | 2 | 9,01,69,200 | 45084600 | EC TRANSFER | SIA/BR/MIN/571804/2026 Date of Submission: 10/03/2026 | DELISTED BY SYSTEM (at : 02/05/2026) |
| | | Bhoj Son 11 | | 36,22,44,960 | 181122480 | EC TRANSFER | | |
| 2 | AURANGABAD | Aurangabad Son 16C | 6 | 8,28,63,000 | 4,14,31,500 | 17.03.2026 | SIA/BR/MIN/578898/2026 Date of Submission: 22/05/2026 | Under Verification |
| | | Aurangabad Son 15C | | 9,62,28,000 | 4,81,14,000 | 17.03.2026 | SIA/BR/MIN/578851/2026 Date of Submission: 23/06/2026 | Under Verification |
| | | Aurangabad Son 25A | | 5,31,63,000 | 2,65,81,500 | 25.03.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Aurangabad Son 15A | | 8,91,00,000 | 4,45,50,000 | 24.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Aurangabad Son 11C | | 8,59,95,000 | 4,29,97,500 | 24.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Aurangabad Son 15B | | 10,39,50,000 | 5,19,75,000 | 30.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| 3 | GAYAJI | Block-05 (Gaya Falgu 05) | 2 | 11,28,60,000 | 56430000 | 14.07.2025 | | Public opposed operation of sandghat in PH |
| | | Block- 37 (Gaya Morhar 24) | | 12,52,80,000 | 6,26,40,000 | 09.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Patna | Patna Ganga 6E | 6 | **1,48,50,000** | **7425000** | 02.08.2025 | | Not applied due to water in EC Area. |
| | | Patna Ganga 3A | | **1,21,50,000** | **60,75,000** | 02.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Patna Sone Cluster-11B | | **23,23,37,160** | **11,61,68,580** | 02.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Patna Ganga 2D | | **1,62,00,000** | **81,00,000** | 03.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Patna Ganga 2E | | **1,68,75,000** | **84,37,500** | 03.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Patna Ganga 7G | | **2,89,57,500** | **1,44,78,750** | 10.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| 5 | Banka | Banka Chanan 3 | 2 | **8,01,90,000** | **40095000** | 13.03.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Banka Chanan 9 | | **9,80,10,000** | **49005000** | 13.03.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| 6 | Arwal | Unit 7(Moglapur, Moglapur Thakurbadi, Turuk telpa Koni, Balaura) | 5 | **1,20,13,650** | **60,06,825** | 13.04.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Arwal Son-11 (Masadpur 2 Ghat B ) | | **6,66,90,000** | **3,33,45,000** | 16.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Arwal Son 10 (Masadpur 1 Ghat C ) | | **5,61,33,000** | **2,80,66,500** | 16.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Arwal Son-9 (Kamta 3) | | **4,90,05,000** | **2,45,02,500** | 19.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Arwal Son 10 (Masadpur1 Ghat A ) | | **5,34,60,000** | **2,67,30,000** | 19.06.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| 7 | Muzaffarpur | Kharhar- 01 | 3 | **43,06,500** | **21,53,250** | 22.05.2026 | | Final EIA Submission Pending |
| | | Morsandi- 01 | | **25,98,750** | **12,99,375** | 24.06.2026 | | |
| | | Kharhar- 03 | | **29,70,000** | **14,85,000** | 24.06.2026 | | |
| 8 | Banka | Banka Chanan- 8 | 2 | **6,53,40,000** | **32670000** | | **SIA/BR/MIN/488220/2024 Date of Submission: 01/08/2024** | High Court ordered to recosider EC from Appraisal. |
| | | Chir Unit- 2 | | **16,28,10,000** | **81405000** | | **SIA/BR/MIN/489647/2024 Date of Submission: 01/08/2024** | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | Madhubani | Cluster -02 | 4 | **85,28,850** | **4264425** | | **SIA/BR/MIN/489954/2024 Date of Submission: 31/07/2024** | High Court ordered to recosider EC from Appraisal. |
| | | Cluster -03 | | **75,93,300** | **3796650** | | **SIA/BR/MIN/490735/2024 Date of Submission: 01/08/2024** | |
| | | Cluster -05 | | **1,31,76,900** | **6588450** | | **SIA/BR/MIN/490732/2024 Date of Submission: 01/08/2024** | |
| | | Cluster -07 | | **67,27,050** | **3363525** | | **SIA/BR/MIN/490740/2024 Date of Submission: 01/08/2024** | |
| 10 | Rohtas | Son Block- 08 | 1 | **28,66,05,000** | **143302500** | **13.06.2025** | **SIA/BR/MIN/476700/2024 Date of Submission: 15/06/2024** | NGT द्वारा पुनः लोक सुनवाई हेतु आदेश के आलोक में SEIAA द्वारा EC Reject किया गया। पुनः लोक सुनवाई सम्पन्न होने के उपरांत SEIAA द्वारा पुनः नया आवेदन हेतु निदेशित किया गया। |
| **Total** | | | **33** | **2,49,93,80,820** | **1,24,96,90,410** | | | |

33 बालूघाटों का EC काफी दिनों से लंबित है। EC प्राप्त नहीं होने के कारण राज्य सरकार को राजस्व के रूप में लगभग 249.94 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है। सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए बालूघाट के संबंधित उच्चतम डाकवक्ता, उनके RQP Consultant एवं SEIAA, बिहार से समन्वय स्थापित कर EC प्राप्त करने की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन :–संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी, क्षे0/मु0)

- कार्यादेश हेतु लंबित बालूघाट की समीक्षा के क्रम में माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा काफी रोष प्रकट किया गया एवं सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए बालूघाटों के उच्चतम डाकवक्ता एवं उनके RQP/ Consultant से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र CTE/CTO हेतु आवेदन समर्पित कराना सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही जिन बालूघाट का CTE/CTO प्राप्त है, उसके उच्चतम डाकवक्ता से तीन दिनों के अन्दर प्रथम किस्त की राशि एवं उस पर देय अन्य कर जमा कराते हुए बालूघाट के संचालन हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी, क्षे0/मु0)

**6. अनिलामित बालूघाटों का नीलामी नहीं होने के कारण की समीक्षा:–**

राज्यान्तर्गत कुल अनिलामित बालूघाटों की संख्या–600 है, जो काफी अधिक है। इसपर खेद प्रकट करते हुए सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अनिलामित बालूघाटों के नीलामी नहीं होने के कारणों की गहन समीक्षा करते हुए विभाग को प्रतिवेदन समर्पित करें तथा समाहर्त्ता से समन्वय स्थापित कर नीलामी हेतु निविदा का अविलंब प्रकाशन कराकर नीलामी की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी, क्षे0/मु0)

7. **प्रत्यार्पित बालूघाटों का पुनर्नीलामी की समीक्षाः–**

- राज्यान्तर्गत कुल प्रत्यार्पित बालूघाटों की संख्या–79 है, जिसमें से मात्र 16 बालूघाटों की सफल नीलामी हुई है। इस संबंध में सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अविलंब निविदा का प्रकाशन कराकर नीलामी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। प्रत्यार्पित बालू घाटों के संबंध में विभाग द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार गहनता से जॉच करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी, क्षे0/मु0)

8. **ISTP एवं छापेमारी की समीक्षाः–**

सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निम्न निदेश दिये गयेः–

- Inter State Transit Pass (ISTP) से संबंधित वाहनों की सघन जॉच हेतु जिला समाहर्त्ता से समन्वय स्थापित कर गाड़ियों के प्रवेश मार्ग पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती कराये जाने का निदेश दिया गया।
- Inter State Transit Pass (ISTP) लेकर जिला में प्रवेश करने वाले कुल वाहनों का न्यूनतम 40 से 50 प्रतिशत वाहन का नियमित जॉच करना सुनिश्चित करें।
- ISTP से संबंधित वाहनों की जॉच हेतु छापेमारी की संख्या बढ़ायें एवं अधिक समय तक सघन जॉच करें। सटीक आसूचना प्राप्त करने का प्रयास करें तथा तदनुसार कार्यवाही करें।
- ISTP के व्यापक रूप से क्रियान्वित किये जाने हेतु 5 मिनट का विडियो बनाने का निदेश दिया गया, जो निम्न प्रकार से तैयार करेंगे:--

| दिन | विषय | पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|
| सोमवार | ISTP में रजिस्ट्रेशन कैसे करे? | श्री आनंद प्रकाश, सहायक निदेशक, जिला खनन कार्यालय, पटना। |
| मंगलवार | चालान की प्रक्रिया | सहायक निदेशक, जिला खनन कार्यालय, किशनगंज। |
| बुधवार | ISTP की बेसिक जानकारी | खनिज विकास पदाधिकारी, बक्सर। |

| | | |
|---|---|---|
| गुरुवार | ISTP की जॉच / दंड का प्रावधान | खनिज विकास पदाधिकारी, नवादा |
| शुक्रवार | ISTP से संबंधित समरी | खनिज विकास पदाधिकारी, जहानाबाद। |

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी, क्षे0 / मु0)

9. **स्थापना से संबंधित मामलों की समीक्षा:–**

- **सेवान्त लाभ से संबंधित मामलों की समीक्षा:–** कुछ सेवान्त लाभ के मामले लंबे अवधि से लंबित हैं, जिसपर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अगले मासिक समीक्षा बैठक के पूर्व सभी लंबित मामलों का निष्पादन हर हाल में कराना सुनिश्चित करें।
- **अनुकम्पा से संबंधित मामलों की समीक्षा:–** सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिला समाहर्त्ता कार्यालय से समन्वय स्थापित कर अगले मासिक समीक्षा बैठक के पूर्व सभी लंबित मामलों का निष्पादन कराना सुनिश्चित करे।
- निगरानी विभाग से संबंधित मामलों का निष्पादन अतिशीघ्र करने एवं प्रतिवेदन अविलंब विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया।
- बिहार विधान सभा का सत्र प्रारंभ होने वाला है। विधान सभा से संबंधित प्रश्नों का जवाब समाहर्त्ता के स्तर से विभाग को उपलब्ध कराया जाना है। खनिज विकास पदाधिकारी, नवादा, मधुबनी एवं गया को निदेश दिया गया कि विधान सभा से संबंधित प्रश्नों का प्रतिवेदन संबंधित समाहर्त्ता से समन्वय स्थापित कर अवलिंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- महालेखाकार एवं लोक लेखा समिति का जिलावार ऑडिट कराने के संबंध में सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि आंतरिक वित्तीय सलाहकार (मु0) से समन्वय स्थापित कर महालेखाकार कार्यालय एवं लोक लेखा समिति द्वारा उठाए गये आपत्ति का बिन्दुवार जवाब तैयार कर प्रतिवेदन शीघ्र संबंधित कार्यालय में समर्पित करें।
- CWJC/Cr.WJC के लंबित मामलों की समीक्षा अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग को अपने स्तर से करने का निदेश दिया गया।
- सभी खनिज विकास पदाधिकारियों को स्थापना, ग्रेच्युटी की गणना एवं पेशन के सबंध में Online mode में दो दिनों का प्रशिक्षण कराये जाने का निदेश अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग को दिया गया।
- नवपदस्थापित खनिज विकास पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण, पटना में शीघ्र कराये जाने का निदेश दिया गया। इसकी नोडल पदाधिकारी श्रीमती बीना कुमारी, खनिज विकास पदाधिकारी (मु0) होंगी। इस संबंध में शीघ्र संचिका उपस्थापित की जाये।

(अनुपालन :–निदेशक, खान / अपर सचिव / संयुक्त सचिव / सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी, क्षे0 / मु0)

10. <u>अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु :–</u>

- सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को बंदोबस्तधारी के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक कर अधिक से अधिक बालूघाटों को संचालित कराने का निदेश दिया गया।
- खनिज विकास पदाधिकारी, किशनगंज को निदेश दिया गया कि आई0टी0 मैनेजर से समन्वय स्थापित कर आज ही एन0आर0ए0 की रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- राजस्व समाहरण से संबंधित प्रतिवेदन प्रत्येक महीने के 07 तारिख तक पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया।
- बिहार खनिज नियमावली में दिये गये महत्वपूर्ण नियम एवं शर्तों की पूरी जानकारी प्राप्त करने का निदेश सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया।
- अवैध खनन के मामले में जहॉ प्राथमिकी दर्ज करना आवश्यक हो वहाँ प्राथमिकी दर्ज करने में अधिक विलंब करने वाले जिलों से स्पष्टीकरण पूछे जाने का निदेश दिया गया।
- जहानाबाद जिला में अवैध खनन के मामले में गोलीबारी की घटना के संबंध में खनिज विकास पदाधिकारी, जहानाबाद को निदेश दिया गया कि वहॉ के अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों का नाम प्राप्त करने और जिला टास्क फोर्स की बैठक में पुलिस अधिक्षक / समाहर्त्ता को लिखित रूप में उक्त व्यक्ति पर सी0सी0ए0 लगाने हेतु प्रतिवेदन समर्पित करते हुए 15 दिनों के अंदर कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। साथ ही संबंधित क्षेत्र में सतत् सघन छापेमारी कराई जाय।
- खनिज विकास पदाधिकारी, गया द्वारा बताया गया कि एक बालूघाट के ई0सी0 क्षेत्र में पानी भरा हुआ है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि खनिज विकास पदाधिकारी, गया जाँच कर जाँच प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करें।
- सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी संभावित बालूघाटों का भौतिक निरीक्षक करने के उपरांत ही जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन, 2027 में संशोधन कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।
- अधिक मात्रा में अवैध खनन होने वाले क्षेत्रों की जानकारी जिला टास्क फोर्स की बैठक में लिखित रूप में देने तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्त करते हुए संयुक्त छापेमारी कराने का अनुरोध संबंधित समाहर्त्ता से करने का निदेश दिया गया।
- अवैध खनन पर व्यापक रोकथाम हेतु प्रशासन स्तर पर संयुक्त छापेमारी कराने के लिए समाहर्त्ता, सारण एवं जमुई को पत्र दिये जाने का निदेश निदेशक, खान को दिया गया।
- सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को कार्य विभाग की सूची तैयार करते हुए मालिकाना फीस / रायल्टी जमा करने संबंधी नोटिस निर्गत करने का निदेश दिया गया।

- विभाग द्वारा निर्गत प्रपत्र जिसमें कुल लघु खनिजों की खपत, कुल कितना मालिकाना फीस/रायल्टी देय है और कितना मालिकाना फीस/रायल्टी दिया गया है, अंकित करते हुए कार्य विभागों से प्रतिवेदन प्राप्त करने तथा इसकी गहनता से जॉच करने का निदेश सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया।
- मिट्टी से संबंधित बड़े परियोजना एवं व्यावसायिक क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जॉच कर मिट्टी पर देय रायल्टी जमा कराने का निदेश सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया।
- सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को जिला खनन कार्यालय में सी0सी0टी0वी0 लगाने का निदेश दिया गया।
- पिछले वर्ष की तुलना में लक्ष्य के विरूद्ध मासिक राजस्व समाहरण 20 प्रतिशत बढ़ाने का निदेश सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया।
- ईंट–भट्ठों से बकाये राशि की वसूली हेतु नीलामपत्र वाद दायर करने का निदेश सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया।

(अनुपालन :–निदेशक, खान/अपर सचिव/सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी, मु0/क्षेत्रीय)

**अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

ह0/–
**(डॉ0 प्रमोद कुमार)**
**मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग**

सं0सं0:– ........................................................./एम0, पटना, दिनांक :–....................

प्रतिलिपि :– सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह0/–**
सरकार के अपर सचिव

सं0सं0:– ..........5024........................./एम0, पटना, दिनांक :–...03/08/26

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग के आप्त सचिव/सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/अपर सचिव कोषांग/संयुक्त सचिव/अवर सचिव–I,II/विधि पदाधिकारी/उप सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी–I, II/सभी प्रशाखा पदाधिकारी एवं सभी संबंधित पदाधिकारी/सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी (मु0/क्षे0)/आई0टी0 प्रबंधक खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

03/08/26.
सरकार के अपर सचिव